For Advertorial
Call 9878610118
chandigarhdarpan@gmail.com
www.chandigarhdarpan.com
चंडीगढ़ दर्पण
समाचार पत्र
में समाचार संबंधित इस नंबर पर सम्पर्क करें।
7986686127

आपका अपना आप तक

चंडीगढ़ दर्पण

मौसम का मिजाज
चंडीगढ़
अधिकतम 31°
न्यूनतम 10°

सम्पादक - सुखविंदर सिंह

E-mail: chandigarhdarpan@gmail.com, chandigarhdarpangroup@gmail.com | RNI NO. CHAHIN/2014/591059 | 44 न्यू गणेश विहार ढकोली जीरकपुर मोहाली 1059 /12 गोबिंदपुरा मनीमाजरा सैक्टर-13 मनीमाजरा चंडीगढ़

आस्ट्रेलिया ने जीता टी20 विश्व कप का खिताब, न्यूजीलैंड को 8 विकेट से दी मात

दुबई। टी20 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हरा दिया। कप्तान केन विलियमसन की 48 गेंद में 85 रन की पारी की मदद से न्यूजीलैंड ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को टी20 विश्व कप के फाइनल में चार विकेट पर 172 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई न्यूजीलैंड टीम पहले दस ओवर में रन बनाने के लिये जूझती नजर आई। मार्टिन गुप्टिल ने 35 गेंद में 28 रन बनाये। इसके बाद विलियमसन ने 48 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 85 रन बनाकर पारी का नक्शा बदल दिया। न्यूजीलैंड ने आखिरी दस ओवरों में 115 रन बनाकर फाइनल मुकाबले को रोमांचक बनाने की नींव रख दी। अक्सर अपनी टीम के संकटमोचक साबित होने वाले विलियमसन ने बेहद खूबसूरती से बल्लेबाजी करते हुए पहली 16 गेंद में 15 रन बनाये । उस समय एडम जाम्पा किफायती गेंदबाजी कर रहे थे और गुप्टिल फॉर्म में नहीं थे। एक बार लय पकड़ने के बाद विलियमसन ने खुलकर खेला और अगली 32 गेंद में 70 रन बनाये। विलियमसन टी20 विश्व कप फाइनल में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले कप्तान बन गए जिन्होंने श्रीलंका के कुमार संगकारा को पछाड़ा। उन्होंने 11वें ओवर में मिशेल स्टार्क को 19 रन जड़कर दबाव कम किया। इसी ओवर में जोश हेजलवुड ने उनका कैच भी छोड़ा। स्टार्क आज काफी महंगे साबित हुए जिन्होंने चार ओवर में 60 रन दिय। स्टार्क का दूसरा ओवर जहां खराब रहा तो तीसरा ओवर और भी बदतर था जिसमें न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने चार चौकों और एक छक्के के साथ 24 रन ले डाले। दूसरी ओर हेजलवुड ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि जाम्पा ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट चटकाया। न्यूजीलैंड की पारी कप्तान विलियमसन के नाम रही जिन्होंने साबित कर दिया कि उन्हें आधुनिक क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में क्यो शुमार किया जाता है। हर प्रारूप में तकनीकी कौशल के साथ संयम बनाये रखकर खेलना उनकी खूबी है और सबसे बड़ी बात यह है कि जरूरत के समय वह हमेशा फॉर्म में होते हैं।

पंजाब में पेट्रोल की कीमतों में सर्वाधिक कटौती, लद्दाख में डीजल के दाम सबसे ज्यादा घटे

नई दिल्ली। कांग्रेस शासित पंजाब में पेट्रोल कीमतों में सबसे अधिक कटौती हुई है। राज्य सरकार द्वारा स्थानीय बिक्रीकर या मूल्यवर्धित कर (वैट) को घटाने के बाद पंजाब पेट्रोल कीमतों में सबसे अधिक कटौती वाला राज्य बन गया है। वहीं संघ शासित प्रदेश लद्दाख में डीजल मूल्य में सर्वाधिक कटौती हुई है। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में पांच रुपये प्रति लीटर और डीजल में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती के बाद 25 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों ने वाहन ईंधन पर वैट घटाया है। इससे उपभोक्ताओं को रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच चुकी पेट्रोल, डीजल की ऊंची कीमतों से कुछ राहत मिली है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए गए मूल्य कटौती के ब्योरे के अनुसार, उत्पाद शुल्क और वैट कटौती के बाद पेट्रोल का दाम 16.02 रुपये प्रति लीटर घट गया है। वहीं डीजल कीमतों में 19.61 रुपये प्रति लीटर की कमी आई है। पंजाब में पेट्रोल का दाम सबसे अधिक 16.02 रुपये प्रति लीटर कम हुआ है। लद्दाख में पेट्रोल 13.43 रुपये प्रति लीटर और कर्नाटक में 13.35 रुपये प्रति लीटर सस्ता हुआ है। पंजाब में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। पंजाब में पेट्रोल पर वैट 11.27 रुपये प्रति लीटर कम हुआ है। वहीं उत्तर प्रदेश में इसमें 6.96 रुपये प्रति लीटर की कटौती हुई है। उत्तर प्रदेश में भी अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। गुजरात में पेट्रोल पर वैट 6.82 रुपये प्रति लीटर घटाया गया है। वहीं ओडिशा ने बिक्रीकर में 4.55 रुपये प्रति लीटर और बिहार ने 3.21 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। लद्दाख में डीजल कीमतों में सबसे अधिक कमी आई है। लद्दाख में डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर की उत्पाद शुल्क की कटौती के अलावा वैट में भी 9.52 रुपये प्रति लीटर की कमी की गई है। कर्नाटक ने डीजल पर वैट 9.30 रुपये तथा पुडुचेरी ने 9.02 रुपये प्रति लीटर घटाया है। पंजाब ने डीजल पर वैट 6.77 रुपये कम किया है जबकि उत्तर प्रदेश ने इसमें 2.04 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। उत्तराखंड ने डीजल पर वैट 2.04 रुपये और हरियाणा ने भी 2.04 रुपये प्रति लीटर घटाया है। बिहार ने डीजल पर वैट 3.91 रुपये और ओडिशा ने 5.69 रुपये प्रति लीटर घटाया है। मध्य प्रदेश ने डीजल पर कर में 6.96 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। जिन राज्यों/संघ शासित प्रदेशों ने वाहन ईंधन पर वैट में कटौती की है उनमें लद्दाख, कर्नाटक, पुडुचेरी, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, दमन एवं दीव, दादर एवं नगर हवेली, चंडीगढ़, असम, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा, गुजरात, नगालैंड, पंजाब गोवा, मेघालय, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, अंडमान एवं निकोबार, बिहार, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हरियाणा शामिल हैं। वहीं कांग्रेस और उसके सहयोगियों के शासन वाले राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड और तमिलनाडु ने अभी वाहन ईंधन पर वैट में कटौती नहीं की है। इसके अलावा आप शासित दिल्ली, तृणमूल कांग्रेस शासित प. बंगाल, वामदल शासित केरल, टीआरएस शासित तेलंगाना तथा वाईएसआर कांग्रेस शासित आंध्र प्रदेश ने भी अभी वैट में कटौती नहीं की है।

POWER TECH COMPUTERS
DEAL IN : HARDWARE & SOFTWARE
1059/12 GOBINDPURA MANIMAJRA, CHANDIGARH
8146368073

कंगना रनौत पर दर्ज हो देशद्रोह का मुकदमा

भगत सिंह और रानी झांसी के अस्तित्व को नकार रही कंगना : टुटेजा

बॉलीवुड कलाकारों को सम्मान का लालच देकर ओछी राजनीति पर उतरी मोदी केंद्र सरकार

चंडीगढ़ दर्पण / चंडीगढ़। देश की आजादी को लेकर आपत्तिजनक बयान देने वाली बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री कंगना रानौत के खिलाफ हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने भी मोर्चा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता लवलीन टुटेजा लवली ने कहा कि मोदी सरकार को पद्म पुरस्कारों की गरिमा को भंग नहीं करना चाहिए, ये देश का सर्वोच्च सम्मान है। इन्हें ऐसी शख्सियतों को ही प्रदान करें, जिन्होंने किसी न किसी स्तर पर देश-प्रदेश की आन-बान-शान बढ़ाई हो।कुछ समय पुर्व अपने चरित्र को लेकर असंजस में रही कंगना अब देश का चरित्र बता रही हैं। उन्होंने कहा कि सौ साल के संघर्ष और अनगिनत कुर्बानियों के बाद देश को आजादी मिली है। जिन लोगों को लगता है कि देश को आजादी भीख में मिली है, उन्होंने शायद कभी स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में कुछ पढ़ा ही नहीं है। महारानी लक्ष्मी बाई, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद, मंगल पांडे, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, सरदार पटेल, अशफाकउल्ला खां, लाला लाजपत राय, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, दुर्गा भाभी समेत न जाने कितने ही स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया और सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज पैसे लेकर अभिनय करने वाले इन वीरों की कुर्बानियों का अपमान कर रहे हैं। ऐसे कलाकार केवल अपना व्यवसाय करें और इस तरह की टिप्पणी से बचें जिससे शहीद सेनानी परिवारों के दिलों को ठेस पहुंचे।आप प्रवक्ता ने कंगना रानौत के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किए जाने की मांग करते हुए कहा की जिसने गुलामी का दौर नहीं देखा और जिसको आजादी विरासत में मिली है, उसे आजादी के संघर्ष व स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी को कभी भूलना नहीं चाहिए। इस पीढ़ी के लोगों को हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में ज्यादा से ज्यादा पढ़ना, समझना और जानना चाहिए, ताकि उन्हें भी स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन, तप, त्याग, बलिदान से देशप्रेम की प्रेरणा मिल सके।

देश में भाईचारे की बजाय एक-दूसरे को बांटने की राजनीति चल रही है : छाबड़ा

बुड़ैल में हुई जनसभा में आम आदमी पार्टी के सह-प्रभारी प्रदीप छाबड़ा ने भाजपा पर साधा निशाना

चंडीगढ़ दर्पण / चंडीगढ़। इस समय देश में भाईचारे की राजनीति नहीं रही है, अब देश को बांटने की राजनीति चल रही है। सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी देश में जनता को आपस में लड़ाने की काम कर रही है। लेकिन लोग अब इनकी असलियत समझ चुके हैं और बदलाव चाहते हैं। ये कहना है आम आदमी पार्टी के सह-प्रभारी प्रदीप छाबड़ा का। बुड़ैल में आयोजित जनसभा में विशेषतौर पर पहुंचे छाबड़ा ने लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज के समय महंगाई इतनी बढ़ गई है कि लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के लिए देश सबसे पहले है और उन्हीं के मार्गदर्शन में चंडीगढ़ में दिल्ली की तर्ज पर विकास होगा। इस जनसभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव शादाब राठी ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो लोगों को हर महीने 20 हजार लीटर फ्री पानी दिया जाएगा। लोगों को बेहतर मेडिकल सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बार झाड़ू के बटन को दबाकर लोग शहर से भाजपा-कांग्रेस का सफाया कर देंगे।

बाल दिवस : सेक्टर-49 के सोसायटी रेजिडेंट्स से खिलौने इकट्ठे कर जरूरतमंद बच्चों में बांटे

कांग्रेस के प्रदेश सचिव विपनजीत सिंह अमन और उनकी टीम ने चलाया अनूठा अभियान

चंडीगढ़ दर्पण / चंडीगढ़। देश के पहले प्रधानमंत्री और चंडीगढ़ शहर को बसाने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को सेक्टर-49 के रेजिडेंट्स ने अनूठे ढंग से मनाया। रेजिडेंट्स ने सेक्टर-49 की ईडब्ल्यूएस कालोनी में जरूरतमंद बच्चों को खिलौने बांटे। खास बात ये थी कि ये खिलौने उन्होंने सोसायटीज में रह रहे बच्चों से लिए थे। पंडित नेहरू के जन्मदिन को पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस दिन को खास बनाने के लिए सोसायटीज के रेजिडेंट्स ने अपने बच्चों से खिलौने इकट्ठे कर जरूरतमंद बच्चों में बांटे। इस अभियान को अंजाम दिया सेक्टर-49 के रेजिडेंट व कांग्रेस के प्रदेश सचिव विपनजीत सिंह अमन और उनकी टीम ने। अमन ने कहा कि आज पहली बार ऐसा लगा है कि उन्होंने बाल दिवस को दिल से मनाया है।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कान थी, वह बेशकीमती थी। यही बच्चे हमारे देश का भविष्य है। इस कार्यक्रम में अमन के साथ डॉ.प्रेम, विकास सोनी,विजेंद्र, सुबोध चौधरी, विक्की वीरू, प्रदीप बिड़ला, जेएस दत्ता, नदीप सिंह और परवीन शामिल थे। अमन ने कहा कि हमने सोचा कि इस बार बाल दिवस को अलग ढंग से मनाया जाए। इसलिए उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए एक अभियान चलाया। उन्होंने सोसायटीज के लोगों से खिलौने इकट्ठे किए। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर उनके घर में ऐसे खिलौने पड़े हैं जिनसे उनके बच्चे नहीं खेलते, तो वे ये खिलौने हमें दें। इस तरह हमारे पास बड़ी संख्या में खिलौने इकट्ठे हो गए। इन खिलौनों को फिर आज हमने जरूरतमंद बच्चों में बांटा। इसके अलावा बच्चों को किताबें, स्टेशनरी और रिफ्रेशमेंट भी दी।

तीन दिवसीय वार्षिक 43वां चंडीगढ़ संगीत सम्मेलन संपन

अश्विनी भिड़े देशपांडे के गायन ने श्रोताओं को किया मोहित

चंडीगढ़ दर्पण / चंडीगढ़। स्ट्रोबरी फील्डस हाई स्कूल, सैक्टर 26 के ऑडिटोरियम में इंडियन नेशनल थियेटर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 43वां वार्षिक चंडीगढ़ संगीत सम्मेलन के तीसरे व अंतिम दिन अश्विनी भिड़े देशपांडे ने अपने मधुर कंठ से निकले गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अश्विनी भिड़े देशपांडे ने अपनी प्रस्तुति की शुरूआत अपने घराने के पारंपरिक राग बहादुरी तोरी से की। उन्होंने विलंबित ख्याल में बंदिश महादेवा पति पार्वती को बखूबी प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। इसके पश्चात उन्होंने तीन ताल में निबद्ध पशुपति नाथ शंकर शम्भू श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने अपनी दूसरी प्रस्तुति में राग हिंडोल पंचम में अल्लादिया खान साहेब जो कि भारतीय हिंदुस्तान शास्त्रीय गायक थे जिन्होंने जयपुर-अतरौली घरने की स्थापना की थी, द्वारा रचित बधावा गावो बंदिश प्रस्तुत की जिसके पश्चात उन्होंने हिंडोल में एक द्रुत तराना पेश किया। उन्होंने अपनी तीसरी व अंतिम प्रस्तुति में राग मध्यमद सारंग में बंदिश जब से मन लाग्यो बंदिश प्रस्तुत की और इसके उपरांत दूसरी बंदिश रंग रेजवा प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने गायन का समापन एक मराठी अभंग राग भैरवी में संत तुकाराम जी द्वारा रचित तुज़ा पाहता सामूरी श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत कर किया। विदुषी अश्विनी भिड़े-देशपांडे के गायन में तानपुरे पर अशुप्रीत,तबले पर विनोद लेले तथा हारमोनियम पर विनय मिश्रा ने बखूबी संगत की। विदुषी अश्विनी भिड़े-देशपांडे मुंबई निवासी हिंदुस्तानी

शास्त्रीय संगीत की सुप्रसिद्ध गायिका हैं। वह जयपुर-अतरौली घराने की परंपरा से ताल्लुक रखती हैं। मजबूत संगीत परंपराओं वाले परिवार में जन्मी, अश्विनी ने नारायणराव दातार के मार्गदर्शन में अपना प्रारंभिक शास्त्रीय प्रशिक्षण शुरू किया। जयपुर-अतरौली, मेवाती और पटियाला घरानों से प्रभावित होने के कारण अश्विनी ने अपनी संगीत शैली बनाई है। वह तीन प्राथमिक सप्तकों पर एक मजबूत कमान रखती है। अश्विनी भिड़े-देशपांडे को बंदिश और बंदिश-रचना की गहरी समझ है और उन्होंने अपनी कई बंदिशें बनाई हैं, जिन्हें उन्होंने अपनी विभिन्न पुस्तकों में प्रकाशित किया है। वह अपने भजनों की स्थापना के लिए भी जानी जाती हैं, विशेष रूप से कबीर के। अश्विनी भिड़े न केवल एक उच्चकोटि की कलाकार हैं तथा एक सकुशल संगीत गुरु भी हैं। इस अवसर पर इंडियन नेशनल थियेटर ऑनरी सैकेटरी विनीता गुप्ता ने बताया कि शहर में आयोजित हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन में शहरवासियों ने शास्त्रीय संगीत के प्रति जो प्यार दिखाया वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पिछले 42 वर्षों में उनके समाज द्वारा इसी तरह के तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किए गए थे और यह उनका 43 वां सम्मेलन था। एन खोसला द्वारा शुरू की गई इस परंपरा को कायम रखते हुए, संगीत सम्मेलन की यह श्रृंखला भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के दौरान प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन्स का पूरा ध्यान रखा गया था।

श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

चंडीगढ़ दर्पण / चंडीगढ़। श्री खाटू श्याम प्रचार मण्डल ट्रस्ट (रजि0) चंडीगढ़ द्वारा श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का जन्मोत्सव व महोत्सव आज प्राचीन श्री हनुमान मन्दिर, सैक्टर 32, चण्डीगढ़ के प्रांगण में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर भव्य दरबार आलौकिक सिंगार फूलो द्वारा किया गया खाटू बाबा का दरबार का सिंगार कलकत्ता के फूलों द्वारा किया गया । इस अवसर पर छपन भोग का प्रशाद वितरित किया एवं श्याम की रसोई भंडारा वितरित किया । इस अवसर पर खाटू श्याम जन्मोत्सव एव महोत्सव में भजन गायक कलाकार पं. रविन्द्र शास्त्री महावीर अग्रवाल , मुकेश मोदगिल पिंजौर कमल नायक,कन्हैया मित्तल द्वारा भगवान कृष्ण , बाला जी खाटू श्याम के भजनो की अमृत वर्षा की इस अवसर पर हरियाणा, दिल्ली, पंजाब के भगतो ने प्रभु के दर्शन कोविड के गाइड लाइन का पालन करते हुय किये ।

अनुसूचित जाति मोर्चा चंडीगढ़ ने शुरू किए कार्यकर्ता सम्मेलन

चंडीगढ़ दर्पण / चंडीगढ़। अनुसूचित जाति मोर्चा अंबेडकर जिला ने मलोया में कार्यकर्ता सम्मेलन किया जिसमें प्रदेश प्रवक्ता व अनुसूचित जाति मोर्चा प्रभारी नरेश अरोड़ा प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार डिप्टी मेयर व पार्षद प्रमिला जिला अध्यक्ष रविंद्र पठानिया जिला महामंत्री रवि रावत अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय दत्त व कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने कहा कीमोदी सरकार में अनुसूचित जाति के जन भलाई के सर्वाधिक कार्य हुए हैं , उन्होंने खास तौर पर याद कराते हुए बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर के याद में पंच तीर्थ बनाया गया है जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर से संबंधित पांच जगहों को तीरथ के रूप में विकसित किया गया है। इस मौके पर बोलते हुए मोर्चा के प्रभारी व प्रदेश प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा ने बताया कि भगवान वाल्मीकि जी की जयंती पर चंडीगढ़ में भाजपा चंडीगढ़ में भगवान वाल्मीकि जयंती समारोह को सप्ताह के रूप में मनाया था ।

तीन दिवसीय हायर एजुकेशन कॉन्क्लेव 18 नवंबर से होगा शुरू

छात्रों को मिलेगा दुनिया के 40 टॉप यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने का अवसर

चंडीगढ़ दर्पण / चंडीगढ़। सिल्वर फर्न द्वारा तीन दिवसीय हायर एजुकेशन कॉन्क्लेव (एचईसी) का पहला एडीशन 18 से 20 नवंबर, 2021 तक ह्यात रीजेंसी, चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा। एचईसी के इस आयोजन का थीम 'डीकोडिंग फ्यूचर इन द टाइम्स ऑफ चेंज' है। सिल्वर फर्न के सीईओ अलमस्तो कपूर ने कहा, हम भारत और दुनिया की टॉप 40 यूनिवर्सिटीज जैसे ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी, किंग्स कॉलेज लंदन, यॉर्क यूनिवर्सिटी कैनेडा, यूनिवर्सिटी ऑफ़ एरिज़ोना के प्रतिनिधियों की भागीदारी की उम्मीद कर रहे हैं। आयोजन में टॉप 100 क्यूएस विश्व रैंकिंग में पांच यूनिवर्सिटीज और 14 से अधिक स्कूलों की उपस्थिति भी होगी। इतनी बड़े एजुकेशनल आयोजन से एजुकेशन इंडस्ट्री को समग्र रूप से विकसित करने में मदद मिलेगी। सिल्वर फर्न पिछले 12 वर्षों से इंटरनेशनल एजुकेशन प्राप्त करने के इच्छुक स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन कर रहा है। उनके विशेषज्ञों की टीम ने लगभग 15,000 छात्रों की सफलतापूर्वक सहायता की है। कपूर ने कहा कि प्रत्येक प्रतिभागी को विदेशी में शिक्षा प्राप्त करने के संबंध में, विशेष रूप से भाग लेने वाले कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से संबंधित सभी सवालों के जवाब देने का पूरा भरोसा दिया जाता है। सिल्वर फर्न के सीओओ और पार्टनर शिवम गर्ग ने कहा कि सभी बड़ी यूनिवर्सिटीज और इंस्टीट्यूट्स के साथ, इस आयोजन में हायर एजुकेशन के लिए दक्षिण एशिया के सबसे बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में से एक, वेदांतु की भागीदारी भी देखी जाएगी।

यह आयोजन एक ही स्थान पर 40 वैश्विक कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज के साथ बातचीत करने का एक प्रत्यक्ष अवसर प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के कई कारण हैं; उनमें से एक विश्व स्तर पर अग्रणी पब्लिक यूनिवर्सिटीज से 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप्स के अवसर प्राप्त करने का मौका है।

फेजर वैली, इंडिया और यूनिवर्सिटी ऑफ फेजर वैली, कनाडा,विदेशो में ट्रांसफर प्रोग्राम को पेश कर रहे है और ये कॉन्क्लेव का हिस्सा होंगे।

सुरीला सफर - कल आज और कल का संगीत संध्या का आयोजित

चंडीगढ़ दर्पण / चंडीगढ़। एआर मेलोडीज एसोसिएशन ने टैगोर थिएटर, चंडीगढ़ में एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली संगीत संध्या का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था सुरीला सफर - कल आज और कल, जो कोविड योद्धाओं को समर्पित था। कार्यक्रम की थीम जिंदगी की यही रीत है हार के बाद ही जीत है। 45 गायकों ने पुराने भावपूर्ण गीतों की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत की व्यवस्था डॉ अरुण कांत ने की थी जो एआर मेलोडीज़ एसोसिएशन के निदेशक भी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह संगठन रचनात्मकता के माध्यम से चैरिटी के आदर्श वाक्य के साथ एक गैर सरकारी संगठन है और पिछले कई वर्षों से विभिन्न विषयों और सामाजिक कारणों के साथ संगीत संध्या कर रहा है। इसके पहले के कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगो, झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों, अनाथ और परित्यक्त बालिकाओं, धरती माता और कई अन्य को समर्पित थे। यह एनजीओ नवोदित और शौकिया कलाकारों को भी मंच दे प्रदान रहा है।

ज़ायतून - चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के पास खुला घड़ुआं में खुला कश्मीरी रेस्तरां

चंडीगढ़ दर्पण / मोहाली। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के गेट नंबर 4 के पास, घड़ुआं में ज़ायतून नामक एक कश्मीरी रेस्तरां खुला है, जहां कश्मीरी और पंजाबी टेस्ट का भोजन मिलता है। ज़ायतून के सह-निदेशक अमित सचदेवा ने कहा, रेस्तरां स्वादिष्ट कश्मीरी व्यंजन परोसता है जैसे ज़ेतून स्पेशल थाली, रिस्ता, कबाब, रोंगनगोश, तबकमाज़, गोश्तब, आब गोश, चिकन कोरमा, शमी कबाब, कबाब कांति आदि। ज़ायतून के निदेशक सैयद नासिर शाह ने कहा, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में बहुत सारे कश्मीरी छात्र पढ़ते हैं। हम उनकी पसंद के भोजन से उनके स्वाद को संतुष्ट करने का प्रयास करेंगे। रेस्तरां पंजाबी नाश्ते और दोपहर के भोजन के विकल्प भी पेश करेगा। रेस्तरां में 25-30 व्यक्तियों की छोटी पार्टियों का आयोजन करने की भी सुविधा है। सीयू के छात्रों के लिए टेक अवे फूड, टिफिन सर्विस और होम डिलीवरी की सुविधा है।

प्रचार है तो व्यापार है
अपने व्यापार को बढ़ाए
चंडीगढ़ दर्पण में विज्ञापन दे और लाभ उठाए
9878610118, 7986686127
www.chandigarhdarpan.com
E-Mail : chandigarhdarpan@gmail.com
#1059/12 Gobindpura, Manimajra, Sector - 13, Chandigarh

पौधे लगाओ, सेल्फी भेजो और इनाम पाओ
पौधे लगाते समय सेल्फी लें और हमें भेजें, आपकी फोटो चंडीगढ़ दर्पण में प्रकाशित की जाएगी और सबसे अच्छी फोटो को पुरस्कृत किया जाएगा।
आपको पौधा लगाने से पहले उस जगह की फोटो और पौधा लगाने के बाद की फोटो भेजनी है। यह केवल पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के पाठकों के लिए लागू होगा ।
(नियम व शर्तें लागू)
चंडीगढ़ दर्पण
पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ
E-mail : chandigarhdarpan@gmail.com

किसी हालत में धीमी नहीं होने दूंगा पंचकूला के विकास की गति - कुलभूषण गोयल

चंडीगढ़ दर्पण / पंचकूला । पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पंचकूला के विकास की रफ्तार किसी भी हालत में धीमी नहीं होने दूंगा। कुछ लोग विकास की राह में रोड़े अटकाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें स्पष्ट कर दूं कि पंचकूला की जनता ने हमें विकास के लिए चुना है और हमें मिलकर पंचकूला को साफ, सुंदर और स्वच्छ बनाकर लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवानी है। गोयल ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर के विभिन्न कामों के टेंडर तुरंत लगाकर काम पूरे किए जाएं। हमें कोई राजनीति नहीं करनी, बल्कि काम करना है। विरोधी केवल केवल राजनीति करने के लिए विरोध कर रहे हैं, जबकि बंद कमरे में शहर में हो रहे विकास कार्यों को सराहते हैं। कुलभूषण गोयल ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए विशेष ड्राइव फिर

से शुरु की जाएगी और शहर में कब्जे करके बैठे लोगों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट करवाने के लिए निर्देश दिए हैं। शहर में वेडिंग जोन बनाकर रेहड़ी फड़ी वालों को शिफ्ट किया गया। सेक्टर 7-18, 17-18 की स्ट्रीट लाइट्स, ग्रिल्स, कर्व चैनल्स का नवीनीकरण किया गया। शहर की सडक़ों पर घूम रही 1100 लावारिस गऊमाता को माधव गौशाला सुखदर्शनपुर और श्रीमाता मनसा देवी गौधाम पहुंचाया। आवारा कुतों से निजात दिलवाने के लिए सैंकड़ों कुतों का स्टरलाइजेशन करवाया गया। शहर में हरियाणा रोडवेज के सहयोग से सभी लोकल रुट पर 10 बसें चलवाई गई। शहर में खाली जगहों पर घास लगवाने का कार्य किया जा रहा है। कुलभूषण गोयल ने बताया कि एनएमटी ट्रैक का काम पूरा करवाया गया। शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए रोड साइड दीवारों पर वॉल पेंटिंग करवाई गई। शहर के सभी पार्कों की पार्क डेवलपमेंट सोसाइटियों के रेट 3 रुपये से बढ़ाकर 5 रुपये और बड़े पार्कों के रेट 3 रुपये से बढ़ाकर 4 रुपये किए गए। सामुदायिक केंद्र सेक्टर 7 और सेक्टर 10 का पुराना स्ट्रक्चर गिराकर नए सामुदायिक केंद्र बनाने के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए। पार्कों का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। नए मोबाइल टॉयलेट शहर में जगह-जगह लगवाए गए। शहर की मार्केट्स में नए डस्टबीन लगवाए गए। शहर की मार्केट्स एवं अन्य जगहों पर डिजिटल बोर्ड लगवाने का काम जारी है।

अमिता मारवाह एक्टिविटी टीम के 5 खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

चंडीगढ़ दर्पण / पंचकूला । अमिता मारवाह एक्टिविटी टीम के 5 खिलाड़ियों ने कैडेट चंडीगढ़ स्टेट ताइक्वांडो टूर्नामेंट में 5 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते हैं। टीम की प्रधान अमिता मारवाह ने बताया कि पिछले काफी समय से ताइक्वांडो टूर्नामेंट बंद पड़े थे, लेकिन अब दोबारा से टूर्नामेंट शुरू हो गए हैं। चंडीगढ़ स्टेट ताइक्वांडो टूर्नामेंट का रविवार को आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अमिता मारवाह ने बताया कि अनामिका, रोहन, तरन, हिमांशु और नमन ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि दिव्या, तारा और कनिका ने रजत पदक जीता है। असिस्टेंट कोच हिमांशी मारवाह और राज चौहान ने बताया कि खिलाड़ियों की ओर से काफी मेहनत की गई और उसके परिणाम भी सामने आए। उन्होंने कहा कि यह बच्चे गरीब परिवारों से हैं और मिट्टी में प्रैक्टिस करते हैं। पार्क के अंदर और जहां भी इन्हें जगह मिलती है, वहां इनकी प्रैक्टिस शुरू हो जाती है। अमिता मारवाह द्वारा बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की गई। अमिता मारवाह लगातार 2011 से गरीब बच्चों को ताइक्वांडो सिखाने में जुटी हुई हैं। उनके 20 बच्चे इंटरनेशनल मेडलिस्ट बन चुके हैं। तीन बच्चे एनआईएस कोच, 10 बच्चे स्टेट रेफरी बन चुके हैं। यह सभी गरीब परिवारों से संबंध रखते हैं। अमिता मारवाह का कहना है कि आगे भी वह मेहनत करते रहेंगे और बच्चों के अंदर स्किल डेवलपमेंट करते रहेंगे, ताकि आने वाले समय में बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो जाएं।

पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में एक को दबोचा

चंडीगढ़ दर्पण / पिंजौर (संतोष कुमार) । डिटैक्टिव स्टाफ पंचकूला की टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को जुआ खेलने के आरोप में काबू किया है। आरोपी की पहचान मनीष नागरा वासी महादेव कालौनी सुरजपुर पिन्जौर के रूप में हुई है जिसके खिलाफ पिंजौर थाना में गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी से 1230 रुपये भी बरामद किये है। इस संबंधी जानकारी देते पुलिस प्रवक्ता नें बताया पुलिस उपायुक्त पंचकूला मोहित हांडा भा.पु.से. के निर्देशानुसार जिला पंचकूला में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने, सट्टेबाजी करने वालों के खिलाफ , चौकी व क्राइम ब्रांच युनिट के द्वारा मिलकर कडी कार्यवाही हेतु अभियान चलाया गया है जिस अभियान में सभी थाना, चौकी क्राईम यूनिट मिलकर जुआ खेलने वालों के खिलाफ कडी कार्यवाही कर रही है। इसी अभियान के तहत डिटैक्टिव स्टाफ पंचकूला की टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को जुला खेलने के आरोप में काबू किया है।

गाड़ियों की टक्कर में बाल बाल बचे चालक और सवार

चंडीगढ़ दर्पण / पिंजौर(संतोष कुमार) । पिंजोर नालागढ़ रोड पर गांव कोना के पास दो गाड़ियों की जबरदस्त टक्कर हो गई जानकारी देते हुए मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आज सुबह करीब 9:00 बजे दिल्ली नंबर गाड़ी बद्दी से पंचकूला की ओर जा रही थी कि अचानक आगे से आ रहे ट्रक के साथ दोनों की आमने सामने से टक्कर हो गई टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के सभी लोग आवाज सुनते ही मौके पर पहुंच गए और दुर्घटना में घायल हुए लोगों को जब गाड़ियों से निकाला गया तो पाया कि सभी लोग सुरक्षित है और मामूली ही चोटे आई है दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी

कालका में विशाल कव्वाली कार्यक्रम का हुआ आयोजन

चंडीगढ़ दर्पण / कालका (संतोष कुमार) । चुंगी नंबर चार खेड़ा सीताराम कालका में भक्त जगदीश कल्याण, सनी भाटिया, काकू रविदास सभा, पिंकी द्वारा कव्वाली कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। यह कार्यक्रम रात्रि के समय में किया गया, जिसमें गुणगान कर्त राजू साबरी ने वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। पेश की गई कव्वालियों ने इस तरह से रंग बरसाया जिसे देख लग रहा था कि मानों भगवान आशीर्वाद देने के लिए खुद भक्तों में आ विराजे हों। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में गोल्डी वाल्मीकि उपस्थित हुए और

गोल्डी वाल्मीकि के साथ कृष्ण लाल लांबा, चरणप्रीत सिंह, किशोरी शर्मा, भूषण दिक्षित, वाल्मीकि सभा के प्रधान राज कुमार शेर वाल, जय चंद, सोनू लोहत, शालू ,जीवन वाल्मिकी उपस्थित रहे। गोल्डी वाल्मीकि ने भगत जगदीश कल्याण और उनके सभी साथियों का आदर सम्मान देने पर धन्यवाद किया।

प्रयास एक कोशिश का सातवां वार्षिक कार्यक्रम कल

चंडीगढ़ दर्पण / पंचकूला । प्रयास एक कोशिश का सातवां वार्षिक कार्यक्रम 16 नवंबर मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान 25वां रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। साथ ही वैक्सीनेशन कैंप फी, खून जांच शिविर भी लगाया जाएगा। इस शिविर में अरविनकेयर वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से भी सहयोग किया जा रहा है। अरविनकेयर वेलफेयर ट्रस्ट के प्रधान अतुल गर्ग ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ हरियाणा के स्टेट ड्रग कंट्रोलर नरेंद्र आहूजा विवेक करेंगे। पीजीआई के डाक्टरों की ओर से रक्त एकत्रित किया जाएगा। अतुल गर्ग ने कहा कि आज डेंगू के बढ़ते मरीजों के चलते प्लेट्लेट्स और खून की काफी आवश्यकता है, इसलिए लोगों से बढ़चढ़ कर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन कैंप में नागरिक अस्पताल सेक्टर 6 के स्टाफ की ओर से कोविशील्ड और कोवैक्सीन की पहली और दूसरी डोज लगाई जाएगी। प्रधान अतुल गर्ग ने बताया कि महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल डायग्नोस्टिक एवं हेल्थकेयर सेंटर सेक्टर 20 की ओर से लोगों के निशुल्क खून जांच की जाएगी। यह आयोजन सामुदायिक केंद्र सेक्टर 20 पंचकूला में सुबह 9 से 1 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह अधिक से अधिक इन शिविरों में पहुंचकर लाभ उठाएं।

माध्यमिक विद्यालय कोट में उत्साह से मनाया गया बाल दिवस

चंडीगढ़ दर्पण / रायपुरानी। श्री अद्वैत स्वरूप हीरा पुरी परम ज्ञान ज्योति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोट में बाल दिवस जोश व उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें सभी अध्यापको ने बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता, गीत, नाटक व डांस आदि प्रस्तुत किए और बच्चों को प्रेरणा दी कि अध्यापको का उनके जीवन में बहुत ही महत्व है। इस अवसर पर बच्चो ने मेंढक दौड़, बोरा दौड़,लंगड़ी टांग दौड़,घोड़ा गाड़ी दौड़ इत्यादि का खूब आनंद लिया। नौंवी व दसवीं के छात्रों के बीच रस्साकशी

प्रतियोगिता करवाई गई। सभी बच्चों ने इस अवसर पर अपने अपने विचार पेश किए। अंत में प्रिंसिपल महोदय ने बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी और सभी बच्चो के उज्जवल भविष्य की कमाना की।

बीमारियों से बचाव के लिए गांव बतौड़ में चलाया गया सफाई अभियान

चंडीगढ़ दर्पण / बरवाला (विजेश शर्मा) । जिला पंचकूला के गांव बतौड में लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बरवाला विशाल शर्मा द्वारा अधिक सफाई कर्मचारी लगाकर नाले नालियों की सफाई कराने के साथ-साथ जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रेलीयों के साथ गांव की गन्दगी को उठा कर गांव से दूर हडडा रोडी के पास गिराया जा रहा है। जिसको लेकर निवर्तमान सरपंच लक्ष्मण बतौड सहित ग्रामीणों ने बीडीओ विशाल शर्मा का धन्यवाद किया। गांव में सफाई अभियान चलने से डेंगू जैसी गम्भीर बीमारियों से बचाव होगा। बीडीओ विशाल शर्मा ने कहा कि घरों के पास गंदा पानी इकट्ठा न होने दें। संक्रामक बीमारियां तभी फैलती हैं, जब हम अपने घरों में सफाई नहीं रखते हैं। स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है। यदि जीवन को खुशहाल रखना चाहते हो तो अपने गांव व घरों में सफाई पर विशेष ध्यान दो। स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। यदि मन को स्वस्थ चाहते हो तो पहले घरों में स्वच्छता की पहल करें। घरों के आसपास गंदगी न



फैलाएं। खुद सफाई के साथ ही दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें। निवर्तमान सरपंच लक्ष्मण बतौड ने कहा कि किसी एक के सहयोग से नहीं जब हम सभी मिलकर सहयोग करेंगे तभी स्वच्छता अभियान सफल होगा। हम सबकी जिम्मेदारी है कि गंदगी न होने दें। कूड़ा कूड़ादान में ही डालें। पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी सहयोग करें। गांव की साफ-सफाई में सहयोग करने पर हेम सिंह राणा, कैप्टन सतपाल सिंह राणा, एडवोकेट मनीष कुमार, प्रेम चन्द, मुकेश, राम कुमार आदि ने बीडीओ विशाल शर्मा, निवर्तमान सरपंच लक्ष्मण बतौड व सफाई कर्मचारीयों का धन्यवाद किया।

विश्व मधुमेह दिवस पर पांच दिवसीय विशेष मधुमेह शिविर का आयोजन

चंडीगढ़ दर्पण / पंचकूला । आयुष विभाग द्वारा पतंजलि योग समिति पंचकूला के सहयोग से विश्व मधुमेह दिवस पर पांच दिवसीय विशेष मधुमेह शिविर का आयोजन प्राचीन शिव मंदिर सेक्टर 9 पंचकूला में लगाया गया। प्रथम दिवस डॉ दिलीप मिश्रा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी पंचकूला ने आयुष विभाग की ओर से मधुमेह पर विशेष बल देते हुए कहा कि योग और आयुर्वेद से इस बीमारी का उपचार बड़े आसान ढंग से किया जा सकता है । इस अवसर पर ब्लड टेस्ट भी किए गए जो कि लगातार पांच दिन जारी रहेंगे । इस शिविर में आयुष विभाग के डॉक्टर तथा योगा विशेषज्ञों के अतिरिक्त पतंजलि योग समिति से सत्यपाल सिंह जिला प्रभारी, विनोद बजाज सह जिला प्रभारी, उमेश मित्तल युवा प्रभारी पंचकूला और लगभग 40 साधकों ने भाग लिया।

सपादक, मुद्रक व स्वामी सुखविंदर सिंह द्वारा चंडीगढ़ दर्पण समाचार पत्र , सिद्धार्थ मिडिया प्रिंटर्स आद्योगिक क्षेत्र चंडीगढ़ से छपवाकर , 760 मनीमाजरा सेकटर 13 चंडीगढ़ से प्रकाशित किया। सपादक सुखविंदर सिंह 9878610118 । किसी भी प्रकार के विवाद में न्याय क्षेत्र पंचकूला के अधीन होगा।

लुधियाना शहर में धड़ल्ले से तैयार हो रहा है नकली गुड़ !

नकली व मिलावटी गुड़ बनाने वाले कर रहे है लोगों की जान से खिलवाड़

चंडीगढ़ दर्पण / लुधियाना (दीपक पांडे) । शहर में अब नकली गुड़ बनना भी शुरू हो गया है। बताते हैं कि शीरे के साथ एक खास किस्म के केमिकल को मिलाकर बनाया जा रहा यह गुड़ स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है, लेकिन इसका कारोबार बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से हो रहा है। लुधियाना के साहिबाना - ताजपुर रोड पर गुड़ बनाने वाली एक फैक्ट्री पर फूड सप्लाई के डी.एच.ओ व उनके सभी अधिकारियों ने मिलकर रेड कर उक्त फैक्ट्री सील कर दिया था लेकिन बावजूद इसके वहां मौजूद करींदों द्वारा बेखौफ होकर दोबारा से गुड़ बनाना शुरू कर दिया है। गुड़ में कैमिकल, लाल रंग, पानी ओर पुराना गन्दा सभी प्रकार के गुड़ एक साथ मिला इसको तैयार करते है । नकली गुड़ तैयार करने वाले कारिंदे लोगों को अपने जाल में फंसा कर उन्हे नकली गुड़ देकर उनकी सेहत से खिलवाड़ कर रहे है। यह फैक्ट्री लुधियाना के झबेबाल सरकारी स्कूल पानी वाली टैंकी छपड स्थित में बिना किसी डर के चलाई जा रही थी अब देखना यह होगा कि शराब माफ़िया की तरह यह कैमिकल साथ बन रहा नकली गुड़ बनाने वालों पर क्या कार्रवाई होती है। कुछ समय पहले जब सिविल सर्जन लुधियाना टीम ने ताजपुर रोड पर स्थित एक फैक्ट्री में छापामार भारी मात्रा में कई क्विंटल नकली गुड़ , चीनी , कई प्रकार के लाल कैमिकल बरामद किए थे जिसके बाद टीम ने मौके पर फैक्ट्री को सील कर दिया था और सारा किया गया समान जब्त कर लिया था ।



भारत भूषण आशु ने अनुसूचित जाति सरकारी कॉलेज में अभ्यास विकेट क्रिकेट केंद्र समर्पित किया

पंजाब सरकार समाज के सभी वर्गों और आयु समूहों को खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है

चंडीगढ़ दर्पण / लुधियाना (दीपक पांडे) । पंजाब के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री भारत भूषण आशु और पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजिंदर गुप्ता ने रविवार को यहां एससीडी गवर्नमेंट कॉलेज में एक अभ्यास विकेट क्रिकेट सेंटर समर्पित किया। इस केंद्र का प्रबंधन लुधियाना जिला क्रिकेट संघ (रष्ट्रष्ट) द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु ने कहा कि लुधियाना में सभी मौजूदा खेल बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जा रहा है, जिसमें गुरु नानक स्टेडियम में नए एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक शामिल हैं, जबकि इनडोर स्विमिंग पूल पर भी काम जल्द ही शुरू होगा। उन्होंने कहा कि शहर के निवासियों की लंबे समय से मांग की जा रही है कि राख बाग में इनडोर स्विमिंग पूल की मांग की जा रही है और जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा. अन्य खेल बुनियादी ढांचे को अपग्रेड किया जाना है जिसमें शास्त्री हॉल, बास्केटबॉल स्टेडियम, टेबल टेनिस स्टेडियम, पीएयू में हॉकी एस्ट्रोटर्फ, अन्य सभी शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं की असीम ऊर्जा को सकारात्मक तरीके से प्रसारित करने के लिए राज्य भर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की खेल नीति देश में सबसे अच्छी है क्योंकि यह रोजगार प्रदान करती है क्योंकि यह न केवल विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों की पुरस्कार राशि को बढ़ाने पर जोर देती है, बल्कि पंजाब में एक मजबूत और शीर्ष स्तर के खेल बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखती है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए चैंपियन बनाना। इस मौके पर भारत भूषण आशु, जो खुद एक क्रिकेट खिलाड़ी हैं, को भी क्रिकेट पिच पर कुछ शॉट्स का सामना करना पड़ा। पंजाब क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजिंदर गुप्ता ने कहा कि लुधियाना जिला क्रिकेट संघ यहां क्रिकेट गतिविधियों की निगरानी करेगा ताकि अधिक से अधिक खिलाड़ी केंद्र का लाभ उठा सकें। एमसी पार्षद सनी भल्ला ने बताया कि इस केंद्र का प्रबंधन लुधियाना जिला क्रिकेट संघ (एलडीसीए) द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर एलडीसीए अध्यक्ष सतीश मंगल, महासचिव अनुपम कमरिया, हरमीत बग्गा, राजीव पुरी, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी गगनदीप सिंह के अलावा कई दिग्गज खिलाड़ी, कोच और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

मतदान जागरूकता फैलाने के लिए प्रशासन ने किया रिले दौड़ का आयोजन

चंडीगढ़ दर्पण / लुधियाना (दीपक पांडे) । पंजाब में आगामी 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान लोगों विशेषकर युवाओं को बड़ी संख्या में वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, जिला प्रशासन ने रविवार को शिक्षकों, बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) और पर्यवेक्षकों के साथ छात्रों की रिले दौड़ का आयोजन किया। रिले दौड़ जीएमटी स्कूल, जालंधर बाईपास चौक से सरकारी प्राथमिक भोरा से डैफोडिल्स स्कूल तक शुरू हुई और वापस जीएमटी स्कूल में समाप्त हुई। इस रिले दौड़ में शासकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेखेवाल और डैफोडिल स्कूल के 50 विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लिए भाग लिया। सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन प्रोग्राम (स्वीप) के नोडल अधिकारी गुरदीप सिंह ने युवा मतदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें वोट डालने के महत्व और उनके मताधिकार के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वोट का अपना महत्व है और प्रत्येक निवासी का यह कर्तव्य है कि वह न केवल अपना वोट डाले बल्कि दूसरों को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए राजी करे ताकि देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिले। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपना वोट नहीं डाला है, वे अभी भी 20 नवंबर और 21 नवंबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविरों में भाग लेकर वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं. इस अवसर पर पर्यवेक्षक नरेश कुमार, सनी ग्रोवर, दीपक सैनी, मास्टर ट्रेनर्स संजय ढींगरा और कुलदीप गर्ग सहित उनके बीएलओ ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को जलपान कराया गया।

एससीडी सरकारी कॉलेज के पूर्व छात्र संघ ने प्रोफेसर एच एस मिगलानी के निधन पर शोक व्यक्त किया

3चंडीगढ़ दर्पण / लुधियाना (दीपक पांडे) । कॉलेज के पूर्व छात्र संघ ने एक लोकप्रिय गणित शिक्षक प्रो. एचएस मिगलानी (सेवानिवृत्त) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया, जो विभाग के एचओडी भी बने रहे। प्रो डॉ कमल किशोर और डॉ हरब्लास (शिक्षक और पूर्व छात्र) के साथ-साथ एसएस भोगल जैसे कई अन्य पूर्व छात्र, प्रोफेसर अशोक कपूर, बृजभूषण गोयल, केबी सिंह, तेजिंदर सिंह दुआ, नवीन ग्रेवाल, दलबीर सिंह मौली, जीएस पनेसर और नवदीप सिंह ने 1960 और 1970 के दशक में अपने शिक्षक के साथ छात्रवृति के क्षणों को याद किया। उन सभी ने अपने सकारात्मक प्रभाव की बात की। शिक्षक अपने निजी जीवन पर पूर्व छात्र और प्राचार्य (लाल) प्रोफेसर अशोक कपूर ने कहा, ऊप्रो एचएस मिगलानी के निधन के बारे में जानकर वास्तव में बहुत दुख हुआ है। जीवन के मंच से उनका जाना, उनके परिवार, शिक्षण बिरादरी, छात्र समुदाय और के लिए एक अपूरणीय क्षति है। सामान्य रूप से समाज। वह गणित के एक लोकप्रिय शिक्षक थे, अपने छात्रों के बहुत प्रिय थे। उन्होंने अपने मिलनसार और स्नेही स्वभाव से अपने सहयोगियों के साथ सार्थक तालमेल बनाए रखा। उन्होंने अपने व्यवहार में अनुग्रह, गरिमा और परिष्कार का परिचय दिया। वे गणित पढ़ाने में लगन से शामिल थे अपने छात्रों के लिए और अकादमिक मूल्यों को बढ़ाने में योगदान दिया। उन्होंने कभी भी किसी के प्रति कोई द्वेष और विद्वेष नहीं रखा।

रिले दौड़ का आयोजन कर मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया

चंडीगढ़ दर्पण / लुधियाना (दीपक पांडे) । उपायुक्त-सह-जिला चुनाव अधिकारी वरिंदर कुमार शर्मा के निर्देश पर, आगामी 2022-पंजाब विधानसभा चुनाव में लोगों को अधिक से अधिक वोट देने के लिए प्रेरित करने के लिए रविवार को आत्म नगर और लुधियाना दक्षिण निर्वाचन क्षेत्रों में एक रिले दौड़ का आयोजन किया गया। आत्मा नगर में, दौड़ शासकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मॉडल टाउन से श्री गुरु सिंह सभा स्कूल मॉडल टाउन से सेंट्रल मॉडल हाई स्कूल तक शुरू हुई और गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मॉडल टाउन में समाप्त हुई। दौड़ में 70 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और आगामी विधानसभा चुनावों में लोकतंत्र के त्योहार में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी का संदेश देने के लिए वोट करें और वोट करें की तख्तियां लिए हुए थे। रिले दौड़ एमसी की संयुक्त आयुक्त पूनमप्रीत कौर की देखरेख में आयोजित की गई और इसका नेतृत्व सहायक स्वीप नोडल अधिकारी बलवंत सिंह, योगेश चंदर के साथ प्रिंसिपल हरविंदर कौर, बीएलओ असीम प्रभाकर, राजीव शर्मा, सरबजीत सिंह, कमलप्रीत कौर, दीपक कुमार और अन्य ने किया। लुधियाना दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में भी इसी तरह की रिले दौड़ एआरओ महेश गुप्ता की देखरेख में हुई। विकास पब्लिक स्कूल से सनशाइन पब्लिक स्कूल से जीके पब्लिक हाई स्कूल और वापस विकास पब्लिक स्कूल तक हुई रिले दौड़ में 300 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया।